# प्रसार भारती

## भारतीय प्रसारण निगम

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 28.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

### "आज के मुख्य समाचार"

- प्रदेश में पंचायती राज चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज जारी– एक हजार 276 पंचायतों में हो रहा चुनाव।

- तापमान बढ़ने से प्रदेश के जंगलों में बढ़ी आग की घटनायें–अब तक जंगलों में आग के 232 मामलों में 2 हजार 9 सौ हैक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित।

- प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोट सिद्ध में नई फसल का रोट चढ़ाने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

- मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी के चलते पर्यटकों ने किया शिमला का रूख–रोजाना पहुंच रहे 20 हजार से अधिक वाहन।

**अब समाचार विस्तार से .......**

### पंचायत चुनाव

प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के दूसरे चरण के लिए आज सुबह 7 बजे से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान जारी है। दूसरे चरण के तहत प्रदेश की एक हजार 2 सौ 76 पंचायतों में वोट डाले जा रहे हैं। मतदान दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगा। पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती मतदान के तुरंत बाद शुरू हो जाएगी और शाम तक इनके नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक दूसरे चरण में आज कुल 17 लाख 30 हजार 30 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें सबसे अधिक करीब 4 लाख मतदाता कांगड़ा जिला से है जबकि सबसे कम 8 हजार 875 मतदाता लाहौल–स्पीति में हैं। इस बीच 30 मई को तीसरे चरण के लिए होने वाले मतदान को लेकर आज शाम 3 बजे खुले में प्रचार बंद हो जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार केवल अब व्यक्तिगत रूप से ही जनसंपर्क कर सकेंगे। तीनों चरणों में जिला परिषद और पंचायत समिति के सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी।

### ईद–उल–अज़हा

आज देश सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में ईद–उल–अज़हा पूरे धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनाइ जा रही है। इसे बकरीद भी कहा जाता है। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज़ अता की जा रही है। राज्य पाल कविंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों, विशेष तौर पर मुस्लिम समुदाय को, ईद की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने मंगल कामना करते हुए कहा कि यह त्यौहार समाज को सद्भाव, एकता और आपसी सौहार्द का सन्देश देता है। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज बनाने के लिए प्रेरित करता है।

### जंगल आग

प्रदेश में बढ़ते तापमान के बीच जंगलों में आग लगने की घटनायें बढ़ रही है। प्रदेश के वन विभाग प्रमुख संजय सूद ने बताया कि अब तक राज्य में जंगलों में आग लगने के 232 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनसे करीब 2 हजार 900 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इन घटनाओं में अब तक लगभग 67 लाख रुपये के नुकसान का आकलन किया गया है। संजय सूद ने बताया कि सबसे ज्यादा प्रभाव मंडी जिले में देखा गया है, जहां 85 मामले सामने आए हैं।

## जनगणना

जनगणना प्रक्रिया के तहत प्रदेश में पहली जून से 15 जून तक हर व्यक्ति अपनी और अपने परिवार की गणना स्वयं कर सकेगा। स्व–गणना के लिए डिजिटल तकनीक का सहारा लिया जाएगा। स्व–गणना से जनगणना का काम तेजी से और पारदर्शी ढंग से हो सकेगा। स्व–गणना में डिजिटल तकनीक के प्रयोग से प्रदेशवासियों को अपनी गणना और जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करनी होगी, इसके बाद उन्हें स्व–गणना आईडी नम्बर मिलेगा।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महीने के आखिरी रविवार यानि 31 मई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

## बाबा बालकनाथ

हमीरपुर ज़िला के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध में नई फसल का रोट चढ़ाने के लिए इन दिनों प्रदेश सहित पंजाब और हरियाणा से भी हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मान्यता है कि नई फसल बाबा को अर्पित करने से घर में सुख–शांति, धन–धान्य और समृद्धि बनी रहती है। अधिक ब्योरे के साथ हमारे हमीरपुर ज़िला संवाद्दाता..........

## विधिक सेवा प्राधिकरण

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आम लोगों के कानूनी विवादों को आपसी सहमति से समाधान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से **मेडिएशन फॉर द नेशन** का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे चरण के तहत ऊना जिला में विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्राधिकरण की सचिव शिखा लखनपाल ने बताया कि अदालतों में चल रहे मामलों को आपसी सहमति और मध्यस्थता से निपटाने की कोशिश इस अभियान में की जा रही है जिससे समय और धन की बचत के साथ ही आपसी संबंधों को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, संपत्ति विभाजन, भूमि अधिग्रहण तथा उपभोक्ता मामलों जैसे सुलह योग्य विवादों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## पर्यटन आमद

देश से मैदानी इलाकों में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी से बचने के लिए भारी संख्या में सैलानियों ने शिमला का रूख किया है। गर्मियों के पर्यटन सीजन के चरम पर पहुंचते ही शिमला में पर्यटन कारोबारियों में अच्छे कारोबार की उम्मीद बढ़ी है। आकंड़ों के मुताबिक मई महीने के 24 दिनों में करीब 6 लाख 31 हजार वाहन शिमला पहुंचे हैं। शिमला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने बताया कि रोजाना 20 हजार से अधिक वाहन पहुंचने से शहर में ट्रैफिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है जिसे देखते हुए शहर को 5 सैक्टरों में बांट कर विस्तृत ट्रैफिक योजना तैयारी की गई है। ट्रैफिक को सुचारू बनाये रखने के लिए शहर में 32 ट्रैफिक राइडर तैनात किए गए हैं।

## अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है– **नगर निकाय के नवनिर्वाचित पार्षदों की आठ जून से पहले होगी शपथ।**

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– **प्रदेश में 12 सौ 79 पंचायतों में दूसरे चरण का मतदान आज, 11 हजार प्रत्याशी चुनावी मैदान में।**

पंजाब केसरी की खबर है– **दूसरे चरण में आज हिमाचल की 1279 ग्राम पंचायतों में वोटिंग।**

**नेरवा में छात्रों के तीखे सवाल, मुख्यमंत्री सुक्खू के बेबाक जवाब** दिव्य हिमाचल की एक खबर है। इसी खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– **छात्रों ने सीएम से पूछा, एमएलए के लिए परीक्षा क्यों नहीं।** पत्र की अन्य खबर है– **गडबडी की शिकायतों पर चुनाव आयोग सख्त, उपायुक्त को चेतावनी, दूसरे चरण में न दोहराई जाए गलतियां।**

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है– **आज और कल बारिश, ओलावृष्टि की संभावना, प्रचंड गर्मी से मिलेगी राहत।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रदेश में पंचायती राज चुनाव के दूसरे चरण का मतदान आज जारी– एक हजार 276 पंचायतों में हो रहा चुनाव।

- तापमान बढ़ने से प्रदेश के जंगलों में बढ़ी आग की घटनायें–अब तक जंगलों में आग के 232 मामलों में 2 हजार 9 सौ हैक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित।

- प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोट सिद्ध में नई फसल का रोट चढ़ाने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

- मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी के चलते पर्यटकों ने किया शिमला का रूख–रोजाना पहुंच रहे 20 हजार से अधिक वाहन।